कोविड-19 - राजस्थान विधानसभा में नियंत्रण केन्द्र स्थापित

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
SS-24-04-2020-6.docx (http://103.203.138.54/news/206136/document/SS-24-04-2020-6.docx)

DESCRIPTION

कोविड-19
राजस्थान विधानसभा में नियंत्रण केन्द्र स्थापित

जयपुर 24 अप्रैल। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ0 सी.पी. जोशी ने राजस्थान विधानसभा में कोरोना वैश्विक महामारी के दौर में पीड़ित लोगों को राहत देने हेतु एक नियंत्रण केन्द्र बनाया है। विधानसभा के कक्ष संख्या 706 में यह नियंत्रण केन्द्र स्थापित किया गया है।

लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला की राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी व अन्य राज्य विधान सभाओं के पीठासीन अधिकारियों के साथ हुई वीडियो कान्फ्रेंस में लिए गए निर्णयों के तहत यह केन्द्र स्थापित किया गया है। यह केन्द्र कोविड-19 के दौर में प्रवासी लोगों की समस्याओं के निदान के लिए लोकसभा व अन्य राज्य विधानसभाओं के नियंत्रण केन्द्रों से समन्वय स्थापित करेगा।

राजस्थान विधानसभा के सचिव श्री प्रमिल कुमार माथुर ने शुक्रवार को इस सम्बन्ध में आदेश जारी किये हैं। इस नियन्त्रण केन्द्र के प्रभारी विधानसभा के वरिष्ठ उप सचिव श्री दिनेश कुमार जैन होंगे। मुख्य अन्वेषण एवं संदर्भ अधिकारी श्री विनोद कुमार मिश्रा व सहायक सचिव श्री विनय माथुर को केन्द्र का सहप्रभारी बनाया गया है।

SUPPORTING IMAGES

Copyright © 2016 Information and Public Relations Department. All Right Reserved.